C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 9 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 20 जून 2025

धीमे-धीमे चमकेंगे आमिर के...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बिना लाइसेंस स्कूटी किराए पर देने पर 6 स्कूटी सीज

**नैनीताल ।** नैनीताल में टैक्सी बाइकों के खिलाफ एक बार फिर यातायात पुलिस ने अभियान चला दिया है। पुलिस ने बिना ड्राइवर व बिना लाइसेंस स्कूटी किराए पर देने पर 6 स्कूटी सीज की हैं। बता दें कि नैनीताल में टैकसी बाइक संचालन के लिए कई नियम बनाये गए हैं जिसमें से एक नियम यह है कि टैकसी बाइक पर्यटकों को किराए पर नहीं दी जाती है। ड्राइवर ही टैकसी बाइक पर पर्यटक को घुमाएगा लेकिन नैनीताल में टैकसी स्वामी पर्यटकों को स्कूटी बाइक किराए पर दे रहे हैं। यही नहीं वह पर्यटकों को बिना डीएल भी स्कूटी किराए पर दे रहे हैं। नियमों का उलंघन होता देख यातायात पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान चला दिया है। वीरवार को तल्लीताल में यातायात निरीक्षक वेद प्रकाश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस ने टैकसी बाइकों की चैकिंग की। इस दौरान उन्होंने बिना डीएल व बिना ड्राइवर टैकसी बाइक को किराए पर देने पर 6 के खिलाफ कार्रवाई की है। वेद प्रकाश भट्ट ने बताया कि छह वाहन सीज कर दिये गए हैं। आगे भी अभियान जारी रहेगा। इस दौरान टीएसआई हरीश फ र्त्याल तथा हमराह अमित कुमार व जीत सिंह मौजूद रहे।

### युवक की संदिग्ध हालात में तबियत बिगड़ी, मौत

**रुद्रपुर।** संदिग्ध हालातों में तबियत बिगड़ने से एक युवक की मौत हो गयी। युवक लम्बे समय से मानसिक रूप से तनाव में था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आवास विकास अटरिया रोड निवासी सत्यनारायण पुत्र सुमेर सिंह को तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल भर्ती कराया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजनों के मुताबिक सत्यनारायण लम्बे समय से मानसिक अवसाद में था। शादी के एक साल बाद ही पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गयी थी। पत्नी ने उसके खिलाफ दिल्ली में केस दर्ज कराया था। पत्नी से विवाद के चलते वह तनाव में रहता था। ट्रांजिट कैंप थाने के निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## पहाड़गंज में मकानों में लाल निशान लगाने की कार्रवाई से लोगों में हड़कंप

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



पहाड़गंज में जिला प्राधिकरण की सरकारी जमीन में भवनों में लाल निशान लगाने की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। तीन दिन पहले हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद जिला विकास प्राधिकरण के कर्मचारी लाल निशान लगाने में जुटे हैं। बताया जा कि अब तक तीन सौ के करीब मकानों पर यह निशान बकायदा नंबर के साथ लगाए गए हैं।रुद्रपुर में पिछले एक सप्ताह में डीएम नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर चल रही कार्रवाई ने प्रीत बिहार और पहाड़गंज के लोगों की नींद उडा रखी है।प्रीत बिहार में जहां सीलिंग की जमीन है तो पहाड़गंज में सरकारी जमीन पर पिछले लंबे समय से अवैध निर्माण हो रहे थे। मामले में पहले एडीएम नजूल/सचिव प्राधिकरण पंकज उपाध्याय ने निरीक्षण किया तो तीन दिन पहले उन्होंने संयुक्त टीम को जेसीबी लेकर भेज दिया था। एक साथ तीन जेसीबी लेकर पहुंची टीमों ने प्रीत बिहार और पहाड़गंज में दो दर्जन निर्माणाधीन भवनों को ध्वस्त कर दिया था। इधर प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद जिला प्राधिकरण की टीम पहाड़गंज में उस भवनों पर जो सरकारी जमीन पर बिना स्वीकृत के बने हैं उनपर लाल रंग से नंबर डाल रही है।

अब तीन सौ ज्यादा मकानों पर नंबर लिख दिए गए हैं।यानी इन भवन स्वामियों को नोटिस मिल चुका है,देर सबेर इनपर पीला पंजा चलना तय है। सूत्र बताते हैं कि प्रशासन की कार्रवाई के बाद लोगों में हड़कंप मचा हुआ है और भवनों को ध्वस्तीकरण कार्रवाई से बचाने के लिए राजनीतिक दलों के पास दौड़ लगा रहे हैं।

सीएम नीतीश कुमार ने किया पीएम मोदी का स्वागत

## पीएम मोदी ने बिहारवासियों को 5736 करोड़ रुपए की सौगात दी

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस वर्ष का बिहार का पांचवां दौरा है और बीते 20 दिनों में दूसरी बार वे बिहार आ रहे हैं। पीएम के कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

पीएम मोदी ने बिहारवासियों को 5736 करोड़ रुपये की 22 विकास योजानाओं की सौगात दी। प्रधानमंत्री शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 53,666 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त के रूप में कुल 51 हजार करोड़ रुपये की राशि स्थानांतरित किया। इसके अलावा 6684 शहरी गरीब परिवारों को पक्के मकान की चाबी सौंपी गई। प्रधानमंत्री ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 11 परियोजनाओं और नमामि गंगे मिशन की 4 परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिन पर कुल 2997 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जिस तरह



से काम कर रही है, उससे यह बात समझ लीजिए कि बिहार बहुत आगे बढ़ जाएगा। मैं एक बार फिर से पीएम मोदी का अभिनंदन और स्वागत करता हूं। उन्होंने बिहार को जो सौगातें दी है, उसके लिए भी मैं पीएम मोदी का धन्यवाद करता हूं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मैं फिर से पीएम मोदी का स्वागत करता हूं। पीएम मोदी जो सौगात देने जा रहे हैं, उससे बिहार वासियों को काफी फायदा पहुंचने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हेलीकॉप्टर से सीवान के जसौली गांव पहुंचे। कार्यक्रम स्थल तक वह खुली जीप में सवार हुए। उनके साथ सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी है। पीएम मोदी को देखते ही लोग नारे लगाने लगे। पीएम मोदी ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया।

आज से गोरखपुर-पाटलिपुत्र वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ भी हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ ही देर में सीवान में आयोजित जनसभा के दौरान वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाकर करेंगे।

## घर की दीवार गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**उत्तरकाशी**

**हमारे संवाददाता**

**दुखद**

- घटना में दस स माह की बेटी और तीन साल मासूम शामिल

उत्तरकाशी में एक घर की दीवार गिरने से परिवार के चार सदस्य मलबे में दब गए। राहत बचाव कार्य शुरू किया गया, लेकिन तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के राजस्व ग्राम ओडाटा के मोरा तोक स्थित गुजर बस्ती में दर्दनाक हादसा हो गया। घर की दीवार गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। राजस्व, एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शुक्रवार रात करीब दो बजे गुलाम हुसैन के आवासीय मकान की दीवार अचानक ढह गई। जिससे घर में सो रहे परिवार के सदस्य मलबे में दब गए। इसमें मृतकों की पहचान गुलाम हुसैन (26 वर्ष) पुत्र अली अहमद, उनकी पत्नी रुकमा खातून (23 वर्ष), पुत्र आबिद (3 वर्ष) और 10 माह की पुत्री सलमा के रूप में हुई है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना मिलते ही तहसीलदार मोरी जब्बर सिंह असवाल, राजस्व उप निरीक्षक, एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिवादन बल) और पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

तहसीलदार जब्बर सिंह असवाल ने घटना की पुष्टि की और बताया कि राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश चारों सदस्यों को बचाया नहीं जा सका। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दीवार गिरने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन क्षेत्र में हुई हालिया भारी बारिश या मकान की स्थिति को एक संभावित कारक के रूप में देखा जा रहा है। प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।



## होटल में युवक का शव मिलने से सनसनी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बीते दिवस टीपी नगर स्थित होटल में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आज उसका पोस्टमार्टम करा कर शव उसके परिजनोंको सौंप दिया राम पुर रोड देवलचौड़ स्थित होटल में 29 साल के युवक की लाश मिली। बृहस्पतिवार की शाम होटल के कमरे के बाथरूम में युवक का शव मिला। मृतक की पहचान हरिपुर नायक मुखानी थाना क्षेत्र निवासी मनोज रौतेला के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार होटल स्टाफ से प्राप्त जानकारी से पता चला कि ने मृतक ने बुधवार को होटल में कमरा बुक कराया था, और बृहस्पतिवार सुबह चेक आउट करना था, लेकिन दोपहर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला और दरवाजे पर दस्तक देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, तो स्टाफ ने उसके परिजनों और पुलिस को सूचना दी। कोतवाल राजेश कुमार के बताया कि पुलिस ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया, जहां मनोज का शव बाथरूम में पड़ा था। कमरे से शराब की आधी खाली बोतल और सल्फास की डिब्बी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन परिजन खुदकुशी का कोई कारण नहीं बता पा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## केलाखेड़ा में मशरूम फैक्ट्री में हादसा,एक की मौत,कई घायल

**बाजपुर**

**हमारे संवाददाता**

केलाखेड़ा के ग्राम भाव्नानगला स्थित मशरूम फैक्ट्री में देर शाम एक हादसा हो गया। फैक्ट्री में लगे रैक टूटकर गिर पड़े। इस घटना में 23 मजदूरों के फंसे होने की सूचना मिलते ही जिला आपदा कंट्रोल रूम सक्रिय हुआ और तत्काल राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में स्थानीय प्रशासन,पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर विभाग की टीमों ने कार्रवाई करते हुए स्थानीय नागरिकों के सहयोग से फंसे हुए मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रशासन की तत्परता के चलते कई लोगों की जान बचाई जा सकी। 14 मजदूर घायल हुए, जिनमें से 7 की स्थिति गंभीर होने पर



उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद उनके घर भेज दिया गया। दुर्भाग्यवश, एक मजदूर की मृत्यु की पुष्टि हुई है।जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया स्वयं जिला अस्पताल पहुँचे।उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और परिजनों को ढांढस बंधाया। डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके सिन्हा को स्पष्ट निर्देश दिए कि इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी को यह निर्देशित किया गया कि पीड़ित परिवारों के लिए रहने और भोजन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी और यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है, तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मृतक मजदूर के परिजनों से भदौरिया ने व्यक्तिगत रूप से भेंट कर शोक संवेदना प्रकट की और आश्वासन दिया कि प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। इस दौरान एसडीएम डॉ अमृता शर्मा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आरके सिन्हा सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सक मौजूद थे।

**हादसा**

- डीएम पहुंचे जिला अस्पताल, घायलों से मिले

# नैनीझील में प्राथमिकता से सफाई अभियान शुरू

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



मानसून के दौरान नालों से गंदगी व गाद नैनीताल की जीवनदायिनी नैनी झील में न समाए इसको लेकर सिंचाई विभाग ने नैनीझील में प्राथमिकता से सफाई अभियान शुरू कर दिया है।

बता दें विभाग की ओर से फिलहाल मैनुअल तौर पर नालों के मुहाने व झील के भीतर से गाद व सिल्ट निकाली जा रही थी। मानसून के दौरान झील में भारी मात्रा में गंदगी व मलबा समा जाता है। सिंचाई विभाग नालों की सफ ाई तो करता है मगर नालों से झील में समाया मलबा व गाद हर वर्ष नहीं निकल पाता है। मानसून शुरू होने से पूर्व सिंचाई विभाग ने झील के भीतर से मलबा निकालने का कार्य शुरु कर दिया है। वीरवार को मल्लीताल स्थित मां नयना देवी मंदिर के समीप लेबर व मशीन की मदद से झील व नालों के मुहाने से मलबा निकालने का कार्य किया गया। यह मशीन रुद्रपुर से मगवाई गई है।

इस दौरान सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती द्वारा बताया गया की 4 जून से झील से सिल्ट निकालने का कार्य शुरू कर दिया गया। सिल्ट कन्वेयर बेल्ट की सहयता से निकाला जा रहा है। जिससे कार्य में तीव्रता आ रही है। झील में छ स्थान चयन किए गए है जहाँ पर जलस्तर कम हो रहा है उस जगह से सिल्ट निकाला जायेगा। बताया कि जिला योजना द्वारा सिल्ट निकालने के लिए 20 लाख का बजट प्रस्तावित किया गया है।

प्री मानसून के आने से नैनी झील में जलस्तर में बढोतरी हुई है जिससे कार्य करने में काफ ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया की मिनी जेसीबी भी लगाई गई है जहाँ पर अधिक मलवा व सिल्ट अधिक है उस जगह पर जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है। बताया की 30 जून तक कार्य पूरा किया जाएगा। इस दौरान अपर सहायक अभियंता नीरज तिवारी, सुपर वाईजर रमेश, बीना भोज व आनंद कोरंगा आदि मौजूद रहें।



# मुक्तेश्वर में बाइक शटल सेवा को बंद करने की मांग

**धारी**

**हमारे संवाददाता**

मुक्तेश्वर में टूरिस्ट ट्रेफिक प्लान चौपट, बाइक शटल सेवा को बंद करने की मांग । मक्तेश्वर में टैक्सी बाइक संचालकों द्वारा चलाई जा रही शटल सेवा का विरोध कर रहे व्यापार मण्डल मुक्तेश्वर व टैक्सी यूनियन भटेलिया ने मुक्तेश्वर पुलिस से तत्काल रोक लगाने की मांग उठाई है।

मुक्तेश्वर व भटेलिया टैक्सी यूनियन ने नाराजगी जताते हुये कहा पर्यटकों से बाइक संचालको द्वारा मनमाने तरीके किराये की वसूली की जा रही। वहीं भटेलिया से मुक्तेश्वर के बीच जो टैक्सी चलती उनका कारोबार बाइक संचाकों ने ठप्प कर दिया। यदि कोई भटेलिया से मुक्तेश्वर तक बुंकिग सवारी ड्राप करने जा रहे तो वहां ट्रेफिक जाम फँस रहे है।

इन बाईकों रेंटल में देना तो ठीक है लेकिन खतनाक सड़को पर तीन - चार सवारी ले जाना खतरे से खाली नही है अतः इन बाइक संचालको तत्काल संचालन बंद किया जाये। इधर बाइक संचालको के कारण लगातार ट्रेफिक जाम लग रहा है वहीं स्कूली वाहन छुट्टी के बाद घंटो जाम फँस रहे। अभिभाकों ने बताया ट्रेफिक जाम के कारण स्कूली बच्चे देरी से घर पहुंच रहे हैं।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरण किए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर कांग्रेस कमेटी व नगर महिला कांग्रेस नैनीताल के अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल व डा. भावना भट्ट के नेतृत्व में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के सुअवसर पर नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल आदि का वितरण कर उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की विशेष कामना की गयी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने कहा कि युवाओं के प्रेरणा श्रोत, सरल व निरंतर देश की जनता के हित में सडक् से लेकर सदन तक संघर्ष करने वाले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन वीरवार को कांग्रेस जनों द्वारा पूरे देश प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। फ ल वितरण कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की अध्यक्ष डा.भावना भट्ट के नेतृत्व में महिला कांग्रेस से शैला नेगी,सावित्री सनवाल, सुनीता आर्या, लता तरुण, रईसा चिश्ती, देवकी देवी,आशा भट्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी, पूर्व दायित्वधारी रईस भाई,विमल चौधरी, प्रेम शर्मा, मनोज भट्ट, कैलाश अधिकारी, बंटू आर्या, विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस अमन महिन्द्रा, जिला सचिव राजेंद्र सिंह कोटलिया,ललित सिंह बोरा, संजय कुमार, राजेंद्र व्यास, मनमोहन सिंह कनवाल तथा पूर्व छात्रसंघ सचिव अजय सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### 349वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन वीरवार को 349वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के क्रम में वीरवार को जहां पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ा वही उनके नेतृत्व में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। गुरुरानी ने कहा कि शुक्रवार (आज) आंदोलन के 350 वें दिन गुरना मंदिर परिसर स्थित गुरना वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा। वहीं पूर्व में लगाए गए पौधों की भी देखने की जाएगी। गुरुरानी ने कहा कि अन्य स्थलों में भी पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

### धारी में एक व्यक्ति का शव मिला

**धारी।** धारी में अज्ञात व्यक्ति का शव सड़क से 5 मीटर नीचे जंगल में मिला। मंगलवार को ग्रामीण राहगीरों ने लगभग दिन में 12.30 बजे धारी में सड़क से 5 मीटर नीचे मझेला वन पंचायत जंगल में एक व्यक्ति बेसुद पड़े होने सूचना मुक्तेश्वर पुलिस को दी। ग्रामीणों कि मदद से बॉडी को सड़क तक लाया गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा बॉडी को सीएचसी पदमपुरी ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने बॉडी मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद हल्द्वानी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एसआई विजय कुमार ने बताया मृत व्यक्ति की शिनाख्त नही हो पाई है। व्यक्ति का हुलिया गठिला बदन, रंग सांवला, नीले रंग जीन्स, प्लेन शर्ट हल्का गुलाबी रंग, गले में नारंगी रंग गमछा, पैर में काला जूता पहने है। क्षेत्र में भय का माहौल बना है। इस दौरान एस आई विजय कुमार, कोस्टेबल जयवीर सिंह, जीवन चंद्र आदि लोग मौजूद थे ।

### इग्नू की परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के के इग्नू सेंटर में चल रही इग्नू की परीक्षाओं का वीरवार को सहायक निदेशक इग्नू देहरादून डॉ. जगदंबा प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने इग्नू के विद्यार्थियों से संवाद भी किया तथा बताया कि इग्नू के जुलाई सत्र के प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं तथा विद्यार्थी इसकी पूर्ण जानकारी ले सकते है । इग्नू में 300 से ज्यादा कोर्स उपलबध हैं । समन्वयक इग्नू डीएसबी परिसर प्रो. ललित तिवारी ने कहा किर इग्नू देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय विश्वविद्यालय है जहां पढने की ललक के साथ डिप्लोमा एसर्टिफिकेट तथा डिग्री कोर्स का अध्ययन किया जा सकता है । इस अवसर पर डॉ नवीन पांडे, नंदा बल्लभ पालीवाल, डॉ उजमा, कुंदन,गोपाल बिष्ट तथा विकास सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सितार वादक हर्षित ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया



नैनीताल । सरोवर नगरी नैनीताल के युवा सितार वादक हर्षित द्वारा सुबह बनारस कार्यक्रम में अपने सितार वादन से बनारस में राग भैरवी व राग भैरवी पर आधारित धुन पर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। इस दौरान तबले पर मनु कौशल ने संगत दी। बता दें कि हर्षित ने मई माह में दिल्ली सीसीआरटी में सितार वादन की प्रस्तुति देकर आए हैं। इससे पूर्व में भी हर्षित अपने सितार वादन की प्रस्तुति देश के कई शहरों में दे चुके हैं। सुबह बनारस कार्यक्रम का संचालन प्रीतेश आचार्य ने किया, कार्यक्रम में हर्षित के गुरुजी अमृत कुमार, गिरीश चंद्र व देवेंद्र कुमार शामिल रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# गोलीकांड का एक आरोपी गिरफ्तार,पिस्टल बरामद

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

खेड़ा कालोनी में हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से पिस्टल भी बरामद की। जबकि अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। बता दें कि खेडा कालोनी वार्ड 17 रुद्रपुर निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद हारून` पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर में कहा कि 18 जून 2025 की रात नन्दन उर्फ चंदन,ईजाज, रिजवी घर के बाहर एक युवक के साथ मारपीट कर रहे। घर के बाहर शोर शराबा सुन कर पिता बाहर आए तो उक्त लोगों को समझाया। इस पर उक्त लोगों ने उसे जान से मारने के इरादे से फायरिंग कर दी। इससे उसके दाहिने हाथ में गोली लगी। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की सहायता से संदिग्धों से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि नामजद आरोपियों में अभियुक्त नन्दन ऊर्फ चन्दन पुत्र राजकुमार यादव निवासी- वार्ड 17 खेडा रूद्रपुर को पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 1पिस्टल नाजायज 32 बोर मैगजीन,2 जिन्दा कारतूस भी बरामद किए। उन्होंने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि पुरानी रंजीश के चलते उसके द्वारा अपने साथियो रिजवी व एजाज के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। फरार रिजवान उर्फ रिजवी पुत्र नजीर और ईजाज पुत्र अल्ली दोनों उसी वार्ड के निवासी हैं। दोनों घरों से फरार है। तलाश की जा रही है। टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, एसएसआई ललित मोहन रावल, चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कोहली, चौकी प्रभारी बगवाड़ा जितेन्द्र कुमार,एसआई प्रियांशु जाशी,महेश राम,अमित कुमार,जगदीश पाठक आदि शामिल रहे।

# नैंसी कॉन्वेंट स्कूल में शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिले के भीमताल विकासखंड के ज्योलीकोट स्थित नैंसी कॉन्वेंट स्कूल में एक विशेष शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से लेकर 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बता दें कि इस भ्रमण का मैन उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति के महत्व से अवगत कराना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के वृक्षों, पौधों व जीव.जंतुओं तथा प्राकृतिक संसाधनों का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। ग्रामीण अंचल में स्थानीय लोगों से संवाद कर बच्चों ने उनकी जीवनशैली और प्रकृति से सामंजस्य के तरीके भी सीखे। शिक्षकों और पर्यावरण विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन तथा स्थायी जीवनशैली जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती हीना ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होते हैं। यह न केवल ज्ञानवर्धक होते हैं बल्कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिमेदारी की भावना भी उत्पन्न करते हैं। विद्यालय के निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक पहल कहा वहीं प्रबंध निदेशक इंजीनियर आईपी सिंह ने इस प्रयास के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति संरक्षण की सामूहिक शपथ के साथ किया गया। इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों व पर्यावरण विशेषज्ञों और सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी गई।

# अभिमत



## नई सीमा रेखा

*भारत ने अपनी कार्रवाई से पाक के लिए नई सीमा रेखा खींच दी है। आतंकवाद के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के भारत ने नये मानक तैयार किये हैं। नई सीमा रेखा और नये मानक का गहरा अर्थ है। भविष्य में अगर आतंकी हमला हुआ तो भारत आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके पाकिस्तान के उस हिस्से पर कब्जा कर लेगा और नई सीमा रेखा खींच देगा। सीडीएस ने यह भी कहा कि भारत आतंक और परमाणु ब्लैकमेल के साये में नहीं रह सकता। दरअसल पाकिस्तान परमाणु शक्ति है और धमकी देता रहता है।*

पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई का विपक्ष ने समर्थन किया था और सरकार के निर्णय को सही ठहराया था। संकट के समय राष्ट्र हित सर्वोपरि होता है। संघर्ष विराम को लेकर विपक्ष ने रुख बदल दिया। सरकार पर सवालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। विपक्ष का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में भारत ने संघर्ष विराम किया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के कथन ने विपक्ष को झूठा साबित कर दिया है। हालांकि उन्होंने विपक्ष का नाम नहीं लिया, क्योंकि सेना का दलगत राजनीति से कोई मतलब नहीं होता। सीडीएस ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को आठ घंटे में ही घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। पाकिस्तान ने जब बातचीत और संघर्ष विराम की पेशकश की तो हम तैयार हुए। भारत ने अपनी कार्रवाई से पाक के लिए नई सीमा रेखा खींच दी है। आतंकवाद के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के भारत ने नये मानक तैयार किये हैं। नई सीमा रेखा और नये मानक का गहरा अर्थ है। भविष्य में अगर आतंकी हमला हुआ तो भारत आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके पाकिस्तान के उस हिस्से पर कब्जा कर लेगा और नई सीमा रेखा खींच देगा। सीडीएस ने यह भी कहा कि भारत आतंक और परमाणु ब्लैकमेल के साये में नहीं रह सकता। दरअसल पाकिस्तान परमाणु शक्ति है और धमकी देता रहता है। जबकि भारत पांच दशक पहले ही परमाणु शक्ति बन चुका है, लेकिन उसने कभी धमकी नहीं दी। भारत ने परमाणु का सदुपयोग किया है। परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये हैं। परमाणु बम से आतंक नहीं फैलाया है। परमाणु बम से पाकिस्तान को स्वयं सुरक्षा के बारे में सोचना चाहिए। यदि उसके परमाणु बम आतंकियों के हाथ लग गये तो सबसे पहले पाकिस्तान को ही खतरा उत्पन्न हो जायेगा। पाकिस्तान की सेना का आतंकवादियों को समर्थन मिल रहा है। पाकिस्तान की सेना आतंकवादियों को सीमा पार कराकर भारत में खूनखराबे के लिए भेजती है। आतंकवादियों को प्रशिक्षण और हथियार पाकिस्तान की सेना देती है। जहां तक संघर्ष विराम की बात है तो पाकिस्तान खुद मान रहा है कि भारतीय सेना की कार्रवाई से उसके नौ आतंकी ठिकानों के अलावा भी बहुत नुकसान हुआ है। आधा दर्जन लड़ाकू विमान, मिसाइल और मानव रहित विमान तथा सुरक्षा सिस्टम ध्वस्त हो गया।

# योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम पर लगाया योग शिविर




**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

यूथ भारती फाउंडेशन उत्तराखंड एवं दिव्य योग ने इस वर्ष 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम के तहत तीनपानी न्यू बाल संसार स्कूल में योगा शिविर का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों स्थानीय लोगो ने योगा कर इस उत्सव में अपनी भागेदारी दी। दिव्य योग की योगाचार्य दिव्या ने योगा के लाभदायक अनेकों विधाओं का गुण सिखाया।यूथ भारती फाउंडेशन उत्तराखंड के संयोजक डॉ. गौरव गुप्ता ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने के अलावा स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। यूथ भारती उत्तराखंड के मीडिया प्रभारी अरविन्द मलिक ने कहा कि देशभर में एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के तहत इस वर्ष का आयोजन समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्व भूमिका पर प्रकाश डालता है। दिव्य योग की योगाचार्य दिव्या उपाध्याय ने कहा कि यह शिविर स्थानीय लोगों में योग के महत्व और जागरूकता को बढ़ावा देगा, योग करने से हम तनाव मुक्त रहते हैं और योग हमें मानसिक शांति प्रदान करता है, प्रतिदिन योग करने से हमारा शरीर सभी बीमारियों से दूर रहता है। शिविर में पंकज उपाध्याय, दीपक मेर, गौरव जोशी सहित महिलाओं, छात्रों और सैकड़ों स्थानीय लोगो ने प्रतिभाग किया।

## योग और संगीत शिविर का आयोजन

**हल्द्वानी /धारी**

**हमारे संवाददाता**

विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर उत्तरांचल मातृ एवं बाल कल्याण समिति द्वारा विकास खंड धारी एवं रामगढ़ के विद्यालयों में योग एवं संगीत का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। प्रथम चार वादनों में अटल उत्कृष्ट राधिका देवी बिष्ट राजकीय इंटर कॉलेज सुंदरखाल में शिविर का आयोजन किया गया। अंतिम चार वादनों में राजकीय इंटर कॉलेज मुकतेश्वर में शिविर का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं के मध्य योग और उसके स्वास्थ्य पर प्रभाव को समझाने के साथ साथ सभी को इसका अभ्यास भी कराया गया। योग प्रतियोगिता में उत्तराखंड का नाम रोशन कर चुके बालक अनंत कफल्टिया ने अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। उदईमान छात्र कलाकारों ने संगीतमय प्रस्तुति दी। योगाचार्य नवीन पांडेय, उमेद सिंह बिष्ट, गिरीश सिंह बिष्ट द्वारा विभिन्न आसनो व प्राणायाम का अभ्यास तथा उत्तराखंड का नाम रोशन कर चुके बांसुरी वादक प्रखर जोशी, वायलीन वादक सिद्धि पंत के साथ सुमित राज, इशिता जोशी की संगीतमय प्रस्तुति की गई। प्रधानाचार्य सुमति नारायण व नीरज तिवारी ने समिति का आभार जताया।



## किशोरी को युवक पढ़ाई के बहाने भगा ले गया

**हल्द्वानी।** घर में पढ़ाई कर रही एक किशोरी को एक युवक पढ़ाई के बहाने से भगाकर ले गया। किशोरी की मां ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। बनभूलपुरा थाना पुलिस को सौंपी तहरीर में जोशी बिहार गौजाजाली निवासी महजबी ने कहा है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री अपने घर में गुरुवार की शाम पढ़ाई कर रही थी तब की उसकी मां दो दुमंजले में खाना बना रही थी। तभी फरमान पुत्र फहीम निवासी काबुल का बगीचा इंदिरानगर उनके घर आ पहुंचा और उनकी पुत्री को पढ़ाई करने के बहाने बहलाफुसला कर ले गया। जब महिला दोमंजिले से उतरकर नीचे आई तो उसने देखा कि उसकी पुत्री घर से गायब थी। महिला ने आस पास के लोगों से अपनी पुत्री के बारे में जानकारी जुटाई पड़ोसियों ने बताया कि तुम्हारी पुत्री को फरमान नामक युवक ले गया। महिला ने पुलिस से कहा है कि उसकी पुत्री के साथ फरमान कोई अनहोनी न करदे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## पालिका अध्यक्ष ने तल्लीताल बाजार वार्ड क्षेत्रान्तर्गत सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने वीरवार को तल्लीताल बाजार वार्ड क्षेत्रान्तर्गत सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरा पाया गया कि लांगव्यू पब्लिक स्कूल के समीप ग्रीन लीफ होटल के पास स्थित नाले में अत्यधिक मलुवा तथा बोल्डर फंसे होने के कारण बरसात का पानी सडक़ में बहने से उक्त जल तल्लीताल बाजार क्षेत्र में प्रवेश करता है तथा बाजार क्षेत्र में जल भराव जैसी स्थिति बन जाती है एवं बरसात का पानी दुकानों एवं आवासीय भवनों में प्रवेश करता है जिससे क्षेत्रीय नागरिकों एवं व्यवसायियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

जनहित तथा भविष्य में भारी बरसात के कारण संभावित दुर्घटनाओं से सुरक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत नगर पालिका के अभियंत्रण टीम तथा पर्यावरण मित्रों तथा लोक निर्माण





विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रुप से लांगव्यू पबलिक स्कूल के समीप ग्रीन लीफ होटल के पास स्थित नाले में जोड़ी गयी अन्य नाली की सफाई कर मलुवे का निस्तारण किया गया तथा नाले में रुके बोल्डर को तोडक़र अवरुद्ध नाले को खोला गया जिसमें लगभग दो दिन का समय लगा।

वर्तमान में उक्त क्षेत्र में अवरुद्ध नाला एवं छोटी नाली को पूर्ण रुप से साफ कर लिया गया है तथा पानी डालकर नाली के ढलान की भी जांच कर ली गयी है। ऐसे ही संयुक्त रुप से अन्य प्रभावित स्थलों का भी निरीक्षण कर समाधान किया जाना प्रस्तावित है। निरीक्षण एवं समाधान कार्य के दौरान पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, तल्लीताल बाजार वार्ड की सभासद गीता उप्रेती, पालिका के सफाई दरोगा दिनेश कटियार समेत0 संजय सौदा, धर्मेश प्रसाद समेत0 पर्यावरण मित्र व वर्क एजेंट ईश्वरी दत्त बहुगुणा एवं गैंग तथा लोक निर्माण विभाग की टीम मौके पर उपस्थित थे।

# फिल्मी दुनिया

## धीमे–धीमे चमकेंगे आमिर के 'सितारे'




*चार साल के ब्रेक के बाद जब शाहरुख खान ने 'पठान' से कमबैक किया था तो उनकी एंट्री बेहद मासी थी। अब तीन साल के ब्रेक के बाद आमिर खान ने फिल्म 'सितारे जमीन पर' से कमबैक किया है। बेहद सादे अंदाज में फिल्म के पहले सीन में ही वो कार से उतरते नजर आते हैं। इस एंट्री में कोई मास मसाला नहीं है, शायद यही आमिर का अपना नॉर्मल है। फिल्म शुरू होती है और पांच मिनट तक आपको लगता है कि क्या आमिर यहां भी अपने किरदार को 'लाल सिंह चड्ढा' की तरह ही एक सुर में ले जाएंगे? कई सीन में वो एक ही जैसे एक्सप्रेशन देते नजर आते हैं पर शुक्र है कि धीरे–धीरे वो अपने किरदार का सुर पकड़ ही लेते हैं। एक अलग सुर जो मूल फिल्म में कोच का किरदार निभाने वाले कलाकार से काफी अलग है। फिल्म भी उस मूल फिल्म से काफी अलग ही है, जिसे लेकर इसे काफी ट्रोल किया जा रहा है। यहां कई बड़े मजेदार देसी तड़के लगाए गए है और पूरी फिल्म की सबसे खास बात यह है कि ये आपको कहीं भी बोर नहीं करती। स्लो और इमोशनल होने के बावजूद भी यह हर बार सही वक्त पर अपनी रफ्तार फिर से पकड़ लेती है। फिल्म डाउन सिंड्रोम और न्यूरो डाइवर्जेंस पर आपको एक अलग ही अंदाज में मैसेज देती है। यह पूरी तरह से आमिर की फिल्म भी नहीं है। हर छोटे किरदार को पूरा स्पेस दिया गया है। फिर चाहे वो आमिर की मां हों या फिर आमिर की पत्नी सुनीता के किरदार में जेनेलिया डिसूजा। वो फिल्म में खूबसूरती लेकर आती हैं। उनके बोलने के अंदाज में थोड़ा धीमापन है.. इसकी वजह फिल्म के अंत तक समझ नहीं आती क्योंकि जेनेलिया की हिंदी काफी अच्छी है.. बहरहाल, जब बाकी चीजें अच्छी हों तो कुछ कमियां अपने आप नजर अंदाज हो जाती हैं।*

### काम बखूबी निभाया

*फिल्म में जान डालने का काम यकीनन 10 खास कलाकारों का था और मानना पड़ेगा डायरेक्टर आर.एस. प्रसन्ना को कि उन्होंने इन बच्चों से कमाल का काम निकलवाया है। इन सबकी अपनी अपनी कहानी जो धीरे–धीरे आगे बढ़ती है और अंत तक आपको इन सभी से प्यार हो जाता है। अब बात करते हैं एक्टिंग की तो आमिर ने अपना काम बखूबी निभाया।*

## नगर पालिका मनोरंजन कलब के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका परिषद नैनीताल के नगर निकाय कर्मचारी महासंघ की नई कार्यकारिणी के चुनाव सर्व सहमति से सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया पालिका सभागार में आयोजित की हुई। जिसमें सभी चार पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ। इस दौरान चुनाव में अध्यक्ष शोभा चौहान, उपाध्यक्ष खष्टी साह, सचिव रितेश कपिल, उप सचिव मीना कफलिया निर्विरोध चुने गए। चुनाव में मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार खोलिया, निर्वाचन अधिकारी पीयूष भंडारी, दीपराज कुमार, गोपाल सिंह नेगी रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि क्लब में वर्ष भर विभिन्न गतिविधियां, कैरम प्रतियोगिता, टेबल टेनिस, फुटबॉल प्रतियोगिता तथा कर्मचारी हितों के संबंध में कार्य किए जाते हैं। नवनियुक्त निकाय कर्मचारी महासंघ की अध्यक्ष शोभा चौहान ने कहा की मेरी पहली प्राथमिकता पालिका एवं कर्मचारी के हित मे बढ़ चढ़कर भागीदारी रहेगी, उन्होंने कहा निकाया कर्मियों की जो भी समस्या होंगी उसका समाधान करके का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। ।









News कॉर्नर

## पार्क कार को क्षतिग्रस्त किया कार्रवाई की मांग

नैनीताल । नैनीताल की सूखाताल पार्किंग स्थल पर पार्क कार को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। कार स्वामी ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल निवासी समीर ने बुधवार की रात सूखाताल पार्किंग स्थल पर कार यूके 04 टीबी 7867 पार्क की थी। सुबह आकर देखा तो कार का बोनट पिछका हुआ था। कार चालक का कहना है कि किसी व्यक्ति ने कार में जबरन प्रहार कर बोनट को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया है। उसने कोतवाली शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## प्रशासन पीड़ित परिवारों के विस्थापन की कवायद में

**नैनीताल ।** संवेदनशील खूपी क्षेत्र में एक ओर प्रशासन पीड़ित परिवारों के विस्थापन की कवायद में लगा हुआ है वहीं कई लोग भूस्खलन वाले क्षेत्र में बड़ा निर्माण करने में जुटे हुए हैं। लोगों ने निर्माण और प्रशासन की अनदेखी पर सवाल उठाते हुए लोगों ने कार्य पर रोक लगाने की मांग की थी। जिस पर एसडीएम ने फिलहाल निर्माण कार्य को रोकने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि खूपी गांव बीते एक दशक से भूधंसाव का दर्द झेल रहा है। कई घर क्षतिग्रस्त तो कई घरों में दरारें आ रही हैं। बीते वर्ष प्रशासन की ओर से क्षेत्र का निरीक्षण कर भू.धंसाव को रोकने के लिए अस्थाई कार्य भी किए। प्रशासन की ओर से यहां से परिवारों को विस्थापित करने की कवायाद भी की जा रही है। जिसके तहत 17 परिवारों की सूची प्रशासन ने तैयार कर ली है। इसके बावजूद कुछ बाहरी व स्थानीय लोग क्षेत्र में नए निर्माण कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पहाड़ी पर भारी निर्माण से भविष्य में उनके भवनों को भी खतरा पैदा हो सकता है। ग्रामीणों ने सोशल मीडिया में वीडियो डालकर प्रशासन से निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है।

# अंतराष्ट्रीय संमेलन: ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने पर बल दिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के एरीज में आयोजित एफ टीआईआर नामक अंतराष्ट्रीय संमेलन के चौथे दिन यानी वीरवार को ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने को सैटेलाइट सुविधाएं जुटाने पर बल दिया गया। वायु प्रदूषण समस्या के निदान के लिए सभी देशों को सामूहिक प्रयास किए जाने पर जोर दिया गया। एफ टी आई आर उपकरण से प्राप्त डाटा की प्रोसेसिंग पर गहन विचार विमर्श किया गया।

एरीज सभागार में वीरवार को जापान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. इसामु मोरिनो ने कहा कि ग्रीनहाउस गैसों की वृद्धि के चलते उपकरणों का विकास बेहद जरूरी हो गया है साथ ही विश्व के हर हिस्से पर



दूषित गैसों के उत्सर्जन की निगरानी के लिए सैटेलाइट सुविधाएं बढ़ानी होगी। एफ टीआईआर उपकरण अधिक संखया में स्थापित करने होंगे ताकि रासायनिक व भौतिक पदार्थों की तलाश आसान हो सके। इस बीच डाटा प्रोसेसिंग पर खास चर्चा की गई। विज्ञानी डा. मैथियास फ्रे ने कहा कि स्पेकट्रोमीटर से ग्रीन हाऊस गैस की मॉनिटरिंग बेहद जरूरी है। इसके लिए भावी पीढ़ी को भी तैयार करना होगा। डा. जोहान मैलकट ने फ्फलकस मापन के महत्व को बताया और इस तकनीक पर प्रकाश डाला। डा. क्रिस्टोफ पेट्री ने इंस्ट्रूमेंट् एलाइनमेंट की नवीन विधियों का वर्णन किया ।

इस मौके पर एरीज के निदेशक डा. मनीष नाजा ने कहा कि वायुमंडलीय स्थिति पर निगरानी को लेकर एरीज में तमाम इंट्रूमेंट स्थापित किए गए हैं। मगर इसे काफी नहीं कहा जा सकता है। इसके लिए लोगों का जागरूक होना बेहद जरूरी है। इसके लिए व्यापक स्तर पर एवरेनस कार्यक्रमों का संचालन जरूरी है। डा. बृजेश कुमार ने हिमालय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन में आ रहे बदलावों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर बेल्जियम के विज्ञानी डा. महेश कुमार शा, एरीज के वरिष्ठ विज्ञानी डा. नरेंद्र सिंह, डा. उमेश दुमका, डा. प्रियंका श्रीवास्तव समेत विभिन्न देशों के विज्ञानी मौजूद रहे।

# बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन को विशेष अभियान चलाया गया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

बाल श्रम एवं किशोर श्रम के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए जिला टास्क फोर्स टीम के साथ श्रम विभाग ने रुद्रपुर क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य बालकों एवं किशोरों को श्रम कार्यों से मुक्त कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना है।

अभियान के दौरान विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटल, ढाबों, दुकानों, वर्कशॉप्स आदि की औचक जांच की गई। इस दौरान सभी प्रतिष्ठान स्वामियों सेवायोजकों को श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 केअंतर्गत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना अपराध है। किशोरों को भी खतरनाक कार्यों में संलग्न करना कानूनन दंडनीय है।उल्लंघनकृत सेवायोजक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज का प्रावधान है 6 माह से



**अभियान**

- किशोरों को श्रम कार्यों से मुक्त कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना

2 वर्ष तक की सजा न्यूनतम 20 से 50 हजार तक का अर्थ दंड या दोनों से दंडित किए जाने का भी प्रावधान है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल या किशोर श्रमिक कार्यरत पाए जाएं, तो इसकी सूचना तुरंत श्रम विभाग को या डायल 1098 पर भी कॉल कर सकते हैं ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। यह अभियान भविष्य में भी सतत रूप से जारी रहेगा। इस अभियान के दौरान विपिन कुमार श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्रम विभाग के साथ चाइल्ड लाइन एवं पुलिस विभाग ह्यूमन ट्रैफिकिंग और गैर सरकारी संस्था आईएसडी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रकृति संरक्षण अभियान के तहत किया पौधरोपण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में वीरवार को प्रकृति संरक्षण अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम के दूसरे चरण में तेजपात तथा पाम के पौधे लगाए गए ।

बता दें कि महत्वपूर्ण पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में बॉटनी डी एस बी के पूर्व छात्र व सीसीआरएएस ताड़ीखेत के पूर्व वैज्ञानिक डॉ गिरीश चंद्र जोशी, पूर्व छात्र डीएसबी तथा भौतिक वैज्ञानिक शोध निदेशक प्रोफेसर हेमवती पांडे तथा गायक डॉ रवि जोशी ने कार्यक्रम में शिरकत की । कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने किया । पौधारोपण स्वर्गीय प्रो. वाई पी एस पांगती तथा स्वर्गीय डॉ रणबीर सिंह रावल तथा स्वर्गीय डॉ सुचेतन साह को समर्पित रहा । इससे पूर्व विभाग में आयोजित जलवायु परिवर्तन विषय पर मॉडल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार विदुषी,अंजली व निधि जबकि द्वितीय पुरस्कार शिवांगी, पूजा व स्वाति तथा तृतीय पुरस्कार कोमल, प्रिया



तथा रूपाली को मिला । निर्णायक प्रोफेसर सुषमा टमटा,प्रो.नीलू लोदियाल तथा प्रो. अनिल बिष्ट रहे तथा डॉ हेम जोशी संयोजक द्वारा प्रतियोगिता कराई गई । अतिथियों डॉ जीसी जोशी, प्रो. हेमवती पांडे तथा डॉ रवि जोशी द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए । प्रथम पुरस्कार 0 500 रुपए तथा प्रमाण पत्र , द्वितीय पुरस्कार 4000 रुपया तथा प्रमाण पत्र तथा तृतीय पुरस्कार 3000 रुपया तथा प्रमाण पत्र दिया गया ।

# कुमाऊं आयुक्त ने ली आपदा प्रबंधन तैयारियों की जानकारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आयुक्त /सचिव मुखयमंत्री दीपक रावत ने कमिश्नरी कार्यालय नैनीताल से मंडल के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद स्तर पर लंबित जमीनी विवादों के शीघ्र निस्तारण और मानसून काल में आपदा प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में वीरवार को विस्तृत जानकारी ली और उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त रावत ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय-समय पर एडीएम और एसडीएम न्यायालयों का निरीक्षण करें और तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। इस संबंध में समस्त जिलाधिकारियों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा लंबित वादों के निस्तारण की प्रक्रिया गतिमान है जिनमें से अधिकांश वादों का निस्तारण हो चुका है और शेष का निस्तारण भी शीघ्र ही कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानसून काल के दौरान आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियां पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं। आयुक्त ने कहा कि ऐसे नाले या गदेरे जहां मानसून काल में अतिवृष्टि के दौरान जन.हानि या संपति को खतरा होता है उनकी पूर्व



से ही साफ-सफाई कर ली जाए और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने हेतु निर्देशित किया जाए साथ ही समस्त जिलाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि उनके जनपदों में ऐसे स्थानों के निकट जहां मार्ग बंद होने की घटनाएं प्राय: होती हैं वहां पूर्व से ही जेसीबी मशीनें तथा उनके चालक तैनात कर दिए जाएं ताकि मार्ग बंद होने की स्थिति में तत्काल प्रभाव से उसे खोला जा सके। इस दौरानए कुमाऊं आयुक्त ने जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह से कलसिया व रकसिया और देवखड़ी नालों के संबंध में जानकारी ली। इस पर जिलाधिकारी ने बताया कि इन नालों की सफाई तथा उनके चैनलाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य हेतु आवश्यक गाड़ी की अनुमति प्राप्त हो गई है जिसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में कुमाऊं मंडल के समस्त जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी तथा तहसीलदार भी जुड़े।

## दुकान से घर आ रहा युवक पर जान लेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** विगत दिवस दोस्त के साथ खाना खाने घर आ रहे युवक पर रास्ते में कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया गया। इस मामले में घायल युवक की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। निशा पत्नी सोनू सागर निवासी शिव नगर, ट्राजिट कैंप ने कहा है कि उसका पुत्र वीरा सागर मेन मार्के मे मोबाइल शाप की दुकान पर काम करता है। 18 जून को दोपहर पुत्र अपने दोस्त के साथ मेन मार्केट से घर खाना खाने आ रहा था।

# छत्तरपुर में बंद मकान चोरों ने खंगाला,लाखों की चोरी का अनुमान

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

बीती रात अज्ञात चोरों ने निकटवर्ती ग्राम छतरपुर में परिजनों की गैर मौजमूदगी में एक बंद घर के ताले तोड़कर वहां से लाखों रूपये कीमत के जेवरात समेत हजारों की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी मिलने पर पंतनगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद लोगों से आवश्यक जानकारी ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बताया जाता है कि ग्राम



छतरपुर निवासी रीता गिरी अपने पति दीपक गिरी व बच्चों के साथ निवास करती है। विगत दिवस परिजन घर में ताला लगाकर बाहर गये थे। गुरुवार सुबह पड़ोस के लोगों ने रीता के जीजा अनिल को फोन पर बताया कि रीता के घर के ताले टूटे हुए हैं। जानकारी

**घटना**

- परिवार के लोग बाहर गए हुए हैं, पुलिस ने निरीक्षण किया

मिलते ही अनिल वहां पहुंचे और उन्होंने देखा घर के ताले टूटे हुए हैं। भीतर सारा सामान बिखरा हुआ है। विस्तृत जानकारी रीता के घर वापस लौटने पर ही मिलेगी। इधर मामले की सूचना मिलने पर पंतनगर थाना पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# तिब्बती समुदाय के महासचिव यशी बने अल्पसंखयक कल्याण आयोग का सदस्य

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड सरकार व सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा पहली मर्तबा नैनीताल के तिब्बती समुदाय के महासचिव और अनेक सामाजिक दायित्वों का बखूवी निर्वह्न करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ता यशी थुसेन को उत्तराखंड अल्पसंखयक कल्याण आयोग का सदस्य नामित किया है।

दूसरी ओर यशी थुसेन को यह अहम जिमेदारी मिलने पर नैनीताल के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनको बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बता दें कि यशी थुसेन के पिताजी पी.जी.सिथर जोकि बहुत लंबे समय से नैनीताल तिबबती समुदाय के अध्यक्ष एवं संरक्षक के रूप में नैनीताल एवं भारतवर्ष में समुदाय के उत्थान के लिए



काम कर रहे हैं और नैनीताल नगरवासियों के लिए लिए एक प्रेरणास्रोत भी हैं। तिबबती समुदाय से अल्पसंयक कल्याण आयोग का सदस्य नामित होने पर पूरे तिबबती समाज में हर्षोल्लास और खुशी की लहर है। इसी क्रम में वीरवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर बधाई दी गई और अनेक शुभकामनाएं दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं कुमाऊं यूनिवर्सिटी कार्यपरिषद के सदस्य अरविन्द सिंह पडियार, सभासद पूरन सिंह बिष्ट, व भगवत सिंह रावत, मंडल उपाध्यक्ष मोहित लाल साह समेत पान सिंह खनी,संतोष कुमार व शैलेन्द्र बरगलीत था रोहित भाटिया उपस्थित रहे ।